>

Title: Need to provide compensation to maize farmers in Purnia Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

**श्री संतोष कुमार (पूर्णिया):** बिहार राज्य में मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया के सीमांचल एंव कोशी क्षेत्र में मक्का, किसानों की मुख्य फसल है और यहाँ के किसान मक्का की खेती पर ही निर्भर हैं। एक अनुमान के अनुसार पूरे देश में बिहार के सीमांचल और कोशी क्षेत्र में मक्का की खेती सबसे अधिक होती है। एक शोध से पता चला है कि एक तितली किस्म का कीड़ा जो अमेरिका में पाया जाता है, उसके प्रकोप से इस क्षेत्र में मक्का की फसलें बुरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। बताया जाता है कि यह कीड़ा केवल मक्का की फसलों को खाता हैं उस पर जहाँ यह बैठता है तो अंडे देता है और उसी अंडे से कीड़ो की संख्या काफी बढ़ जाती है। यह कीड़े मक्के की बाली को खोखला बना देते हैं। यह कीटाणु इतने फैल गए हैं कि किसानों की हजारों एकड़ जमीन में लगी मक्के की खेती नष्ट हो गई है। इससे किसान अपने को असहाय महसूस कर रहा है। उसकी आमदनी का जरिया खत्म हो गया है।

अत: सरकार से मांग करता हूँ कि बिहार राज्य के अन्तर्गत सीमांचल एंव कोशी क्षेत्र के मक्का किसानों को, जिनकी मक्का की फसल कीटाणुओं के प्रकोप से नष्ट हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की कार्यवाई की जाय।